KUMARI VIDYAVATI ANAND
DAV COLLEGE FOR WOMEN,

खबरें फटाफट

छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में दी जानकारी

करनाल | केवीएडीएवी महिला महाविद्यालय करनाल के युवा रैडक्रॉस ने 11 से 20 सितंबर तक 23 छात्राओं और 2 शिक्षिकाओं के लिए प्राथमिक चिकित्सा एवं गृह नर्सिंग पर 10 दिनों की कार्यशाला का आयोजन किया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य सुजाता गुप्ता, युवा रैडक्रॉस की संयोजिका डॉ. मंजू बाला शर्मा, सह-संयोजिका कंवलजीत विरदी और युवा रैडक्रॉस के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। छात्राओं को प्राचार्या महोदया द्वारा प्रेरित किया गया, ताकि वे उत्साह पूर्वक हिस्सा ले सकें, क्योंकि मानव जाति के लिए प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न तरीकों को अपनाकर जीवन बचाने के लिए यह एक महान सेवा है। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा और गृह नर्सिंग के अच्छे तौर तरीके सिखाए, ताकि किसी के भी जीवन को आपातकालीन स्थिति में बचाया जा सके।